—:गोबरधन:—

जनपद में विकास खण्ड औरैया की ग्राम पंचायत जैतापुर (मिर्जापुर बैरमशाह), विकास खण्ड भाग्यनगर की ग्राम पंचायत तरईई एवं ग्राम पंचायत उमरी में गोबरधन योजनान्तर्गत 03 बायोगैस प्लान्ट निर्माण हेतु इम्पैलनमेंट संस्था मेसर्स आनन्द बायोटेक, लखनऊ के माध्यम से 45 घन मीटर की क्षमता का बायोगैस संयत्र निर्मित हैं। बायोगैस संयंत्र का संचालन एवं रख–रखाव मिशन निदेशक, महोदय स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), उ०प्र० के पत्र संख्या–5/1061/2022–5/25/2018 दिनांक 19 सितम्बर, 2022 में दी व्यवस्था के अनुरूप सम्बन्धित इम्पैलनमेंट संस्था मेसर्स आनन्द बायोटेक, लखनऊ माध्यम से निर्माण कार्य पूर्ण होने की तिथि से 01 वर्ष की अवधि हेतु कराया जा रहा हैं। उक्त अवधि के उपरान्त ग्राम पंचायत द्वारा चयनित स्वयं सहायता समूह को हैण्डओवर करते हुए समूह के केयर टेकर के माध्यम से बायोगैस संयंत्र का संचालन एवं रख–रखाव कराया जा रहा है।